# भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा - 2019 का समापन समारोह ।

भारतीय खान ब्यूरो, (मुख्यालय), नागपुर में दिनांक 17/09/2019 को सिविल लाइन्स, नागपुर स्थित भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय) में निदेशक (अयस्क प्रसाधन), श्रीमती इन्दिरा रविन्द्रन की अध्यक्षता में हिंदी दिवस, हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर वी. एन. आई. टी., नागपुर के निदेशक, डॉ. प्रमोद पडोले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे । साथ ही श्री पी. एन. शर्मा, मुख्य खान नियंत्रक (प्रभारी), श्री एस. के. अधिकारी, मुख्य खनन भूविज्ञानी एवं डॉ. पी. के. जैन, मुख्य खनिज अर्थशास्त्री एवं राजभाषा अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे ।

हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के अवसर पर भारतीय खान ब्यूरो नागपुर की हिंदी गृह पत्रिका'खान भारती' - 2019 का विमोचन भी किया गया ।

सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती इन्दिरा रविन्द्रन ने राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया और कहा कि संपर्क भाषा के रूप में हिंदी का अत्यंत ही महत्वपूर्ण स्थान है । इसके पूर्व सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद पडोले ने कहा कि सभी सरकारी कर्मचारियों को अपना दैनंदिन कार्य हिंदी में करना चाहिए । इसके पूर्व सभा को संबोधित करते हुए श्री पी. एन. शर्मा, मुख्य खान नियंत्रक (प्रभारी) ने कहा कि हिंदी भाषा का विकास अवश्य होना चाहिए परंतु साथ ही अन्य भाषाओं का निरादर भी नहीं होना चाहिए । राजभाषा अधिकारी डॉ. पी. के. जैन ने हिंदी पखवाड़े के दौरान की गई गतिविधियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन की जानकारी सभा के समक्ष रखी ।

हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की गई विभिन्न हिंदी विषयक प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को अध्यक्ष, मुख्य खान नियंत्रक (प्रभारी), मुख्य अतिथि महोदय एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए ।

कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. पी. के. जैन, राजभाषा अधिकारी द्वारा माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह जी का संदेश वाचन किया गया । श्री पी. एन. शर्मा द्वारा माननीय संसदीय कार्य, कोयला तथा खान मंत्री, भारत सरकार श्री प्रल्हाद जोशी जी का संदेश पढ़ा गया ।

हिंदी पखवाड़ा के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का संचालन श्री निलेश महात्मे, अवर श्रेणी लिपिक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री अभिनय कुमार शर्मा, सहायक संपादक द्वारा दिया गया । उक्त समारोह को सफलतापूर्वक आयोजन में हिंदी अनुभाग के श्रीमती मिताली चटर्जी वरिष्ठ हिंदी अनुवादक, श्री असीम कुमार, हिंदी अनुवादक, श्री किशोर डी. पारधी, हिंदी अनुवादक, श्री जगदीश अहरवार, आशुलिपिक ग्रेड-I, श्री श्रीनाथ, हिंदी अनुवादक, श्री प्रदीप कुमार सिन्हा, अवर श्रेणी लिपिक, श्री एन. एम. मोरे, प्रेसमैन तथा श्री ए. के. नाल्हे, एम.टी.एस. का पूर्ण योगदान रहा ।




INDIAN BUREAU OF MINES
संतत कार्यरत
ON WITH THE JOB
डॉ. पी. के. जैन


भारतीय खान ब्यूरो,नागपुर
ON WITH THE JOB




भारतीय खान ब्यूरो,नागपुर